तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 20 दिसंबर 2023

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

दर्जनों सागौन पेड़ों की अवैध कटाई, वन विभाग बेखबर



# तीन दिन बाद खुले दफ्तर, चार दिन होगा काम, फिर बंद होंगे तीन दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

शनिवार, रविवार और सोमवार लगातार तीन दिन अवकाश होने के बाद मंगलवार को सरकारी दफ्तर खुले और कामकाज शुरु हुआ। प्रथम दिन समीक्षा बैठक भी आयोजित हुई। जन समस्याओं को लेकर लोग जिला मुख्यालय भी पहुंचे जिसके कारण कलेक्ट्रेट परिसर में चहल पहल अधिक रही। मंगलवार से शुक्रवार तक दफ्तरों में कामकाज होगा उसके बाद पुनः तीन दिन के लिए दफ्तर बंद हो जाएंगे। इसे देखते हुए जिला मुख्यालय के हर दफ्तर में भीड़ नजर आई।

शासकीय दफ्तरों में लगातार तीन दिन अवकाश होने के कारण आमजनों का कामकाज एवं सरकारी काम लगातार बाधित हो रहे थे। 5 दिसंबर को चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद 6 दिसंबर से कामकाज शुरु हुआ था। प्रथम सप्ताह कामकाज में कोई गति नहीं आ सकी। दूसरे सप्ताह से कुछ हद तक सरकारी कामकाज ने रफ्तार पकड़ी इसी बीच 16 से 18 दिसंबर तक तीन दिन लगातार अवकाश होने के कारण रफ्तार पकड़े कामकाज में एक बार फिर ब्रेक लग गया और केवल चार दिन तक ही कामकाज चलेगा और फिर 22 से 25 दिसंबर तक तीन दिन का अवकाश हो जाएगा। 23 दिसंबर शनिवार, 24 दिसंबर सोमवार और 25 दिसंबर को क्रिसमस पर अवकाश रहेगी इस तरह तीन दिन फिर सरकारी कामकाज के साथ आमजनों के जिला मुख्यालय व तहसील एवं ब्लॉक मुख्यालय में होने वाले कामकाज बंद हो जाएंगे। ज्यादातर लोग अपनी जनसमस्या के लिए जिला मुख्यालय ही आते हैं और अवकाश की वजह से ऐसे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिनकी समस्याओं का निराकरण जिला मुख्यालय में ही होता है।

## आचार संहिता समाप्त होने के बाद पहली जनचौपाल हुई शुरू

**खास बातें**

- अवकाश के कारण प्रभावित हो रहे आमजनों के काम
- बीते वर्ष प्रशासन ने जारी किया था आदेश



## समस्या लेकर लोग पहुंचते रहे

हिंदूजा लिलैंड फाइनेंस कंपनी की मनमानी से जिला ऑटो संघ के ऑटो चालक काफी परेशान है। कोरोनाकाल के कुछ समय पहले रोजगार के अभाव में जिला ऑटो संघ के सदस्यों के द्वारा बड़ी संख्या में ऑटो रिक्शा क्रय किया गया था। क्रय करने के पश्चात कोरोना महामारी के कारण पूरी अर्थव्यवस्था चरमरा गई थी। यही कारण है कि ऑटो की किस्त जमा नहीं की जा सकी। ऑटो चालकों का कहना है कि उस समय उनको खाने के भी लाले पड़ गए थे, तो वे गाड़ी की किस्त कहां से जमा करते। यही कारण है कि हिंदूजा लीलैंड प्राइवेट लिमिटेड के वसूली अभिकर्ताओं से परेशान होकर एसपी कार्यालय पहुंचे और पुलिस अधीक्षक को अपनी समस्या बतायी।

## भारतमाला परियोजना के तहत बनने वाली है सड़क

# दिल्ली से पहुंचे अफसर, कोरबा से धरमजयगढ़ के बीच बनेंगे एक दर्जन से अधिक अंडर व ओवरपास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतमाला परियोजना के तहत उरगा से पत्थलगांव के बीच बनने वाली सड़क की जद में कोरबा के हरे भरे जंगल आ रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर वन्य प्राणियों का रास्ता भी प्रभावित हो रहा है। ऐसे में वन्य प्राणियों को इस रास्ते में किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए दिल्ली से वन एवं पर्यावरण विभाग के वरिष्ठ अफसरों की टीम पहुंची थी। उन्होंने क्षेत्र का निरीक्षण किया है और वन्य प्राणियों को आने-जाने के लिए माकूल रास्ता मिल सके इसके लिए उन्होंने किन-किन स्थान पर अंडरपास और ओवर पास बनाना है इसके लिए स्थल चिन्हांकित किया है जिसकी स्वीकृति मिलते ही जल्द ही यह काम शुरू होगा।

**खास बात**

- कोरबा व धरमजयगढ़ वन मंडल का किया निरीक्षण

उल्लेखनीय है कि भारतमाला परियोजना के तहत उरगा से सीधे करतला होते हुए धरमजयगढ़ पत्थलगांव तक सड़क निर्माण किया जा रहा है। जिसका काम बहुत तेजी से चल रहा है। वहीं इस निर्माणाधीन सड़क की जद में कोरबा व धरमजयगढ़ वनमंडल के वन क्षेत्र आ रहे हैं। यह दोनों वनमंडल हाथी प्रभावित क्षेत्र है और दोनों ही वनमंडल में सबसे अधिक हाथियों का बसेरा रहता है। हाथी अक्सर इसी रास्ते से आना-जाना करते हैं। इसलिए परियोजना के तहत बनने वाले सड़क में हाथियों को किसी तरह की आने-जाने व उनके रहवास में कोई परेशानी ना हो इसके लिए दिल्ली के वन एवं पर्यावरण विभाग की एक टीम कोरबा पहुंची थी। उनके द्वारा वन विभाग के अधिकारियों के साथ कोरबा व धरमजयगढ़ वनमंडल का सघन निरीक्षण किया है। अधिकारियों की टीम ने भारतमाला परियोजना के अंतर्गत आने वाले जंगल क्षेत्र का निरीक्षण किया और उन्होंने स्थानीय वन विभाग के अफसरों से बारीकी से जानकारी ली है और हाथी व अन्य वन प्राणियों के रहवास क्षेत्र में किसी तरह की परेशानी ना हो और उनके आने-जाने के लिए माकुल सुविधा मुहैय्या हो सके इसके लिए अधिकारियों ने कोरबा से धरमजयगढ़ वनमंडल के बीच लगभग एक दर्जन से अधिक अंडर पास व ओवरपास बनाए जाने को लेकर सहमति जाहिर की है और इसे लेकर अधिकारियों ने स्थल का भी चयन किया है। बताया जाता है कि अब दिल्ली से पहुंचे अधिकारियों की टीम द्वारा निरीक्षण किए गए रिपोर्ट को वरिष्ठ अफसर को सौंपेंगे। इसके बाद ही उरगा से जाने वाली सड़क का निर्माण काम शुरू हो सकेगा और हाथियों के आने-जाने के लिए अंडर व ओवरपास बन सकेंगे।



मार्ग का निरीक्षण करती टीम।

## कोरबा व धरमजयगढ़ वनमंडल का किया निरीक्षण

भारतमाला परियोजना के तहत राजधानी रायपुर से झारखंड के रांची के बीच यह सड़क बन रही है। जिसमें उरगा से पत्थलगांव के लिए निकलेगी जहां कोरबा वनमंडल व धरमजयगढ़ वनमंडल का एक बहुत बड़ा इलाका इस सड़क की जद में आ रहा है। बताया जाता है कि उरगा से धरमजयगढ़ के बीच की दूरी लगभग 85 किलोमीटर की है जो पूरा वन क्षेत्र से घिरा हुआ है। यही वजह है कि अब इस काम में और तेजी आनी है और उरगा से धरमजयगढ़ वनमंडल के बीच बनने वाली सड़क का काम भी आने वाले दिनों में जल्द शुरू किया जाना है। इसके लिए अब वन्य प्राणियों के लिए विशेष रूपरेखा तैयार की जा रही है ताकि आने वाले दिनों में इसकी स्वीकृति मिल सके और काम तेजी से हो सके।

# हाईड्रा की टक्कर से युवक की मौत, फूटा आक्रोश, चक्काजाम



चक्काजाम करते परिजन व क्षेत्रवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 40 वर्षीय ग्रामीण बस स्टैंड से अपने घर जा रहा था कि इसी दौरान एक तेज रफ्तार हाइड्रा के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए ग्रामीण को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के होते ही ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और सड़क पर उतर आए और विभिन्न मांगों को लेकर ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। जहां प्रशासन और पुलिस की टीम को सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची जहां घंटों मशक्कत के बाद ग्रामीणों की समझाइश दी गई और मुआवजा व राहत राशि प्रदान की गई तब जाकर लगभग 3 घंटे के बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।

**खास बात**

- कटघोरा थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के समीप हुई दुर्घटना

मामला कटघोरा थाना क्षेत्र के ढेलवाडीह बस स्टैंड की है। यहां निवासरत बहुरन सिंह 40 वर्ष पिता उमेंद्र सिंह लगभग 12 बजे बस स्टैंड से सड़क मार्ग से अपने घर ढेलवाडीह जा रहा था कि इसी दौरान एक हाइड्रा के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बहुरन सिंह को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जैसे ही उसकी मौत की खबर गांव तक पहुंची बड़ी संख्या में ग्रामीण सड़क पर उतर आए और मुआवजा सहित अन्य मांग को लेकर ढेलवाडीह बस स्टैंड पर चक्काजाम कर दिया गया। चक्काजाम की सूचना पर कटघोरा थाना प्रभारी तेजराम यादव दलबल सहित मौके पर पहुंचे और चक्काजाम कर रहे ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण ⏭ शेष पेज 3 पर

# पंजाब एंड सिंध बैंक का ताला तोड़कर कंप्यूटर सहित सामान ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी चोरों के हौसले लगातार और बुलंद होते जा रहे हैं। जहां चोरों ने चैतमा में संचालित पंजाब एंड सिंध बैंक का ताला तोड़कर वहां रखे कंप्यूटर सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली है। शाखा प्रबंधक की लिखित शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जिस तरह से चोरों ने बैंक को अपना निशाना बनाया है इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि चोरों के हौसले किस कदर बुलंद है।

**खास बातें**

- चैतमा चौकी क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस
- चोरी के बाद सीसीटीवी कैमरा भी तोड दिया चारों ने

मामला चैतमा चौकी क्षेत्र की है। एमपी नगर निवासी संतोष एक्का पंजाब एंड सिंध बैंक शाखा कांजीपानी में शाखा प्रबंधक के पद पर पदस्थ है। 17 दिसंबर की शाम 5 बजे बैंक लालाराम महांनद बैंक से ताला लगाकर चाबी अपने पास रखा था जो कांजी पानी में ही रहता है। 18 दिसंबर को बैंक का ताला टूटा हुआ होने की जानकारी गांव के लोगों द्वारा बताने पर घटनास्थल पहुंचकर फोन कर बताने पर संतोष एक्का कोरबा से कांजीपानी पंजाब एंड सिंध बैंक जाकर देखा तो बैंक का चैनल गेट ⏭ शेष पेज 3 पर

# कड़ाके की ठंड में सुबह के स्कूल का नहीं बदला समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कड़के की ठंड के बीच प्री प्रायमरी स्कूल के बच्चे सुबह स्कूल जा रहे। अब तक जिला प्रशासन ने इस ओर संज्ञान नहीं लिया और न ही अब तक स्कूलों का समय बदलने के विषय पर कोई आदेश भी शिक्षा विभाग के द्वारा जारी नहीं हुए हैं। कुछ निजी स्कूल प्रबंधकों ने अपने स्वतः निर्णय लेते हुए भले ही समय बदल दिया है, लेकिन कुछ निजी स्कूल अभी भी सुबह 8 बजे से प्री प्राईमरी स्कूल लगा रहे हैं। निजी स्कूलों में कई ऐसे स्कूल है जो शहर में ही चल रहे हैं और समय नहीं बदले।

**खास बात**

- प्रशासन ने नहीं लिया संज्ञान, शासन से भी नहीं आया निर्देश



## 10 डिग्री सेल्सियस रहता है तापमान

तापमान में गिरावट लगातार बनी हुई है। सुबह 10 और 11 डिग्रीसेल्यिस के बीच तापमान रहता है। धूप निकलने के बाद से तापमान में कुछ बढ़ोत्तरी होती है, लेकिन दोपहर 12 बजे तक ठंड का अहसास होते रहता है। हवाएं चलने से मौसम के तापमान में गिरावट भी आ रही है। दोपहर 1 और 3 बजे के बीच ही मौसम में तापमान 18 से 19 डिग्री सेल्यिस के बीच रहता है। कभी कभी ही तापमान दोपहर में 22 से 23 डिग्री सेल्सियस पहुंचता है। हालांकि एक सप्ताह स्कूल लगना है, 25 दिसंबर से शीतकालीन अवकाश शुरू हो जाएगा।

मौसम के तापमान में लगातार दिनों दिन आ रही गिरावट के बीच कड़ाके की ठंड के बीच सुबह के स्कूल अभी भी अपने पुराने समय में लग रहे हैं, जबकि बीते वर्ष ही ऐसे कड़ाके की ठंड में स्कूल का समय बदलने का आदेश जारी हो चुका था। इस वर्ष अब तक जिला प्रशासन ने भी ⏭ शेष पेज 3 पर

## आउटसोर्सिंग कंपनियों में रोजगार की मांग को लेकर 6 घण्टे बंद रही खदान

# पुनर्वास नीति के नियमों का पालन करने में प्रबंधन उदासीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने आउटसोर्सिंग कंपनियों में नियोजित व बहाली (भर्ती) को लेकर प्रभावित ग्रामों के स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार की मांग के लिए एसईसीएल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है मंगलवार की सुबह 8 बजे से ही गेवरा खदान को 6 घंटे बंद कर दिया गया। लगभग 2 बजे तक चले आंदोलन के बाद एसईसीएल और आउटसोर्सिंग कंपनियों के अधिकारी प्रदर्शन स्थल पहुंचे ऊर्जाधानी संगठन के पदाधिकारी और प्रदर्शनकारियों से चर्चा करने आए गेवरा परियोजना के डिप्टी जीएम एपीएम और आउटसोर्सिंग कंपनी के अधिकारी ने वार्ता करने के दौरान एसईसीएल परियोजना अधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जितने भी प्रभावित ग्रामों से स्थानीय बेरोजगारों की सूची आई है गुरुवार को संगठन समिति और बेरोजगारों के साथ बैठक कर आउटसोर्सिंग कंपनियों में सूची को डिवाइड करके कंपनियों में देने के बाद नियोजित व बहाली (भर्ती) किया जाएगा।



प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

ऊर्जाधानी संगठन के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने दो टूक में कहा कि लंबे समय से क्षेत्र में प्रभावित ग्रामों के स्थानीय बेरोजगार लोगों के साथ प्रबंधन व आउटसोर्सिंग कंपनियों के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है कई मर्तबा इन कंपनियों और प्रबंधन के साथ कई दौर का बैठक व आश्वासन दिया गया है जबकि भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास नीति में स्पष्ट है कि जिन खातेदारों की जमीन कम है तथा खदान से प्रभावित होने वाले हर परिवार के एक सदस्य को वैकल्पिक रोजगार की व्यवस्था का नियम है। इसके लिए कौशल उन्नय्यन कर उचित रोजगार उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है , लेकिन बार-बार अनदेखी कर स्थानीय बेरोजगारों के जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा प्रबंधन ने कहा है कि गुरुवार को बैठक कर सभी स्थानीय बेरोजगारों को कंपनियों में नियोजित किया जाएगा अगर ऐसा नहीं होता हुआ दिखेगा तो भूविस्थापितों के रोजगार मुआवजा बसाहट और अन्य मुद्दों को जोड़कर लंबे समय के लिए गेवरा खदान को बंद किया जाएगा । प्रमुख रूप से विजयपाल सिंह तंवर (ठाकुर) रुद्र दास महंत संतोष चौहान दीपक यादव ⏭ शेष पेज 3 पर

## युवक की संदिग्ध मौत जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** एक 36 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मामला उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम कनकी की है। यहां निवासरत बुधेश्वरनाथ राजवाड़े 36 वर्ष पिता बंसी लाल राजवाड़े की अचानक तबियत बिगड़ने पर उसे परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया था। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

## खबर संक्षेप

### उद्योग केन्द्र में टास्क फोर्स समिति की बैठक

**कोरबा।** मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों द्वारा स्वयं का उद्योग, सेवा, व्यवसाय स्थापना के लिए ऋण हेतु आवेदन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा आमंत्रित किए गए हैं। प्राप्त आवेदनों के अनुमोदन हेतु 22 दिसंबर को दोपहर 12 बजे कार्यालय महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई है। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में समिति के समक्ष आवेदकों का साक्षात्कार एवं प्रकरणों का अनुमोदन किया जाएगा। उन्होंने सभी आवेदकों को साक्षात्कार हेतु निर्धारित तिथि को 11.30 बजे कार्यालय महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोरबा में उपस्थित होने हेतु सूचित किया है।

### डिप्टी कलेक्टर चौधरी होंगे जनसूचना अधिकारी

**कोरबा।** अपर कलेक्टर द्वारा प्रशासनिक व्यवस्था के दृष्टिकोण से पूर्व में जारी कार्यालयीन आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए आगामी आदेश पर्यन्त कलेक्टर कार्यालय कोरबा के जन सूचना अधिकारी का दायित्व विकास कुमार चौधरी डिप्टी कलेक्टर कोरबा को अधिकृत किया गया है।

### 25 दिसंबर को मनाया जाएगा सुशासन दिवस

**कोरबा।** जिले में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाई जाएगी। कलेक्टर सौरभ कुमार ने निर्देशित किया है कि 25 दिसंबर के पूर्व नगरीय निकायों में पूर्व से निर्मित अटल स्तंभ की साफ-सफाई, आवश्यक मरम्मत आदि सुनिश्चित कर ली जाए। इसके साथ ही नगरीय निकायों में स्वच्छता अभियान 25 दिसंबर से प्रारंभ होकर आगामी एक सप्ताह नियमित संचालित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। सुशासन दिवस 25 दिसंबर को आयोजित कार्यक्रम में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, आम जनता की गरिमामय उपस्थिति में प्रातः 10 बजे अटल चौक में प्रारंभ किया जाना है। उन्होंने सुशासन दिवस अवसर पर अटल चौक में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्वलन किया।

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस, एवं बुद्धिमत्ता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाना है। इसके तहत 5 बालक, बालिकाओं को 25 हजार रुपये की राशि तथा प्रशस्ति पत्र सम्मान के रूप में प्रदान की जाएगी। राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यालयीन समय पर 2 जनवरी 2024 तक प्रेषित कर सकते है। आवेदन निर्धारित समयावधि में जमा नहीं किए जाएंगे वे आवेदन अस्वीकृत किये जा सकेंगें। अपूर्ण अथवा ऐसे आवेदन पत्र जो सक्षम प्राधिकरण एवं जिला कलेक्टर द्वारा प्रमाणित/सत्यापित न हो अथवा जिसके साथ आवश्यक सहायक अभिलेख ना हो विचारणीय नहीं होंगे।

### आज मनाई जाएगी वोरा की जयंती

**कोरबा।** अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व.मोतीलाल वोरा की जयंती कार्यक्रम जिला कांग्रेस कार्यालय टीपी नगर कोरबा में 20 दिसम्बर की सुबह 11 बजे आयोजित है। उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय श्रीमती सपना चौहान एवं सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, पार्षदगण सहित कांग्रेस संगठन के समस्त विभागों के पदाधिकारियों को समय पर उपस्थित होने आग्रह किया गया हैं।



# 'सालार' के दूसरे ट्रेलर में दिखी जिगरी दोस्तों की कट्टर दुश्मनी

**नई दिल्ली।** इस साल की मचअवेटेड फिल्म 'सालार' का दूसरा ट्रेलर रिलीज हो गया है। वहीं फिल्म के दूसरे ट्रेलर की बात करें तो 2.54 मिनट का यह ट्रेलर आपके होश उड़ा गड़ा देगा। फिल्म की कहानी पर्शियन साम्राज्य के सुल्तान की है। उनके जीवन में चाहे कितनी भी मुश्किल क्यों ना आए, वे अपने खूंखार सेना को बिना बताए सिर्फ एक को कहता था। सुलतान जो भी कहता वह उसे लाकर देता था और जो ना चाहे उसे मिटा देता था, लेकिन कहानी में ट्विस्ट तो तब आएगा जब सुलतान की जीहजूरी करने वाला उसका ये दोस्त कट्टर दुश्मन बन जाता है। बता दें कि पृथ्वीराज सुकुमारन फिल्म में सुलतान का किरदार निभा रहे हैं, जो एक विलेन है।

लाइफ Style



# जया 'कड़क सिंह' में करेगी डेब्यू

एजेंसी ⏭ मुंबई

जया ने कहा यह मेरी पहली हिंदी भाषा की फिल्म है और जैसा कि कहा जाता है 'हजारों मील की यात्रा एक कदम से शुरू होती है'। कड़क सिंह मेरा पहला कदम है। इस साल आईएफएफआई में जया की चार फिल्में प्रदर्शित की गईं, जिनमें उनकी पहली ईरानी फिल्म 'फरेश्ता' और उनकी पहली हिंदी फिल्म 'कड़क सिंह' शामिल हैं।

बांग्लादेश की पांच बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री राष्ट्रीय पुरस्कार की विजेता जया अहसन, जानेमाने अभिनेता पंकज त्रिपाठी के साथ अनिरुद्ध रॉय चौधरी के निर्देशन में बनी फिल्म "कड़क सिंह" से बॉलीवुड में कदम रखेंगी। जया ने पहले बंगाली भाषा में भारतीय फिल्मों में अभिनय किया है और इसके लिए कई पुरस्कार भी जीते हैं। एक मॉडल के रूप में अपना करियर शुरू करने वाली अभिनेत्री ने 110 से अधिक बंगलादेशी और भारतीय बंगाली फिल्मों, टीवी धारावाहिकों, टेलीफिल्मों और वेब शो में काम किया है और दोनों देशों में फिल्मों का निर्माण किया है। जया ने कहा यह मेरी पहली हिंदी भाषा की फिल्म है और जैसा कि कहा जाता है 'हजारों मील की यात्रा एक कदम से शुरू होती है'। कड़क सिंह मेरा पहला कदम है। इस साल आईएफएफआई में जया की चार फिल्में प्रदर्शित की गईं, जिनमें उनकी पहली ईरानी फिल्म 'फरेश्ता' और उनकी पहली हिंदी फिल्म 'कड़क सिंह' शामिल हैं। अभिनेत्री एक प्रशिक्षित क्लासिक गायिका भी हैं और उनके पास रवीन्द्र संगीत में डिप्लोमा है। हिंदी सिनेमा में जया की शुरुआत दर्शकों पर एक अमिट छाप छोड़ने के लिए तैयार है, जो उन्हें एक बहुमुखी अभिनेत्री बनाएगी।

हॉलीवुड मसाला



# अभिनेता एक्सेलरोड नहीं रहे

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता जैक एक्सेलरोड का निधन हो गया है। उन्होंने 93 वर्ष की आयु में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। अभिनेता के प्रतिनिधि जेनिफर गारलैंड ने उनके निधन की सूचना दी और बताया कि एक्सलरोड की 28 नवंबर को लॉस एंजिल्स में प्राकृतिक कारणों से मृत्यु हो गई। जैक एक्सेलरोड ने टेलीसीरीज 'जनरल हॉस्पिटल' में 1987 से 1989 तक 40 एपिसोड के लिए विक्टर जेरोम की भूमिका निभाई।




# 'रिबेल मून' बनाने के लिए जैक को कहां से मिली प्रेरणा?

**लॉस एंजिल्स।** 'रिबेल मून पार्ट 1: ए चाइल्ड ऑफ फायर' अपनी रिलीज के लिए तैयार है। जैक स्नाइडर की यह मूवी 15 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसके बाद यह 22 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। हाल ही में इसका ट्रेलर लॉन्च हुआ, जिसे दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला। फैंस इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। वहीं, अब जैक स्नाइडर 'रिबेल मून' के पीछे अपनी प्रेरणा और इसे जीवन में लाने की प्रक्रिया के बारे में बात करते देखे गए हैं। 'रिबेल मून पार्ट 1: ए चाइल्ड ऑफ फायर' उन कॉलेज के दिनों से, यह विचार विकसित हुआ, जो स्नाइडर की अटूट महत्वाकांक्षा में निहित एक साहसी, दो-भाग की गाथा बन गया। इस भावना को प्रतिबिंबित करते हुए, दो फिल्मों को बैक-टू-बैक शूट करने और एक विस्तारित कट शामिल करने का निर्णय फिल्म के सार को प्रदर्शित करता है।



# तृप्ति बिजनेसमेन को कर रहीं डेट...

**मुंबई।** रणबीर कपूर स्टारर फिल्म एनिमल से तृप्ति डिमरी की किस्मत ही पलट गई है और वे नेशनल संसेशन बन चुकी हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं 'एनिमल' की 'भाभी नंबर 2' रियल लाइफ में किसे डेट कर रही हैं? बता दें कि तृप्ति के पहले एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा के भाई कर्णेश शर्मा को डेट करने के रुमर्स थे हालांकि दोनों ने कभी पब्लिकली एक दूसरे के संग रिलेशनशिप में होने की बात को कुबूल नहीं किया है। अब खुलासा हुआ है कि तृप्ति मॉडल से बिजनेसमैन बने सैम मर्चेंट को डेट कर रही हैं। सैम मर्चेंट के इंस्टाग्राम बायो में बताया गया है कि वह वाटर्स बीच लाउंज एंड ग्रिल के फाउंडर हैं जो गोवा में स्थित है। वहीं मीडिया खबरों के मुताबिक, सैम मर्चेंट पहले एक मॉडल थे और 2002 में ग्लैडरैग्स मैनहंट कॉन्टेस्ट के विनर भी रहे थे।



# बांग्ला 'काबुलीवाला' में आएंगे नजर

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती बांग्ला फिल्म काबुलीवाला में काम करते नजर आएंगे। गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर की लघु कहानी काबुलीवाला पर वर्ष 1961 में फिल्म काबुलीवाला प्रदर्शित हुई थी। इस फिल्म में बलराज साहनी ने अब्दुल रहमान खान की भूमिका निभाई थी। उससे पहले वर्ष 1957 में प्रदर्शित इसी कहानी पर बनी बांग्ला फिल्म काबुलीवाला में छवि बिस्वास ने रहमत की भूमिका निभाई थी। अब बांग्ला भाषा में बनी सुमन घोष निर्देशित फिल्म काबुलीवाला में मिथुन चक्रवर्ती ने रहमत की भूमिका निभाई है।जिओ स्टूडियो और एसवीएफ द्वारा निर्मित यह फिल्म 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि यह कहानी अफगानिस्तान या हिंदुस्तान के बारे में नहीं है। यह प्यार, इमोशन के बारे में है।

टीवी मसाला



# दूल्हा बने 'जेठालाल' के 'टप्पू' दयाबेन भी आईं नजर...

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा में जेठालाल का रोल निभाकर फेमस हुए दिलीप जोशी के बेटे की सोमवार को शादी हुई। जोशी परिवार जश्न के माहौल में डूबा है। सोशल मीडिया पर दिलीप के बेटे की शादी का वीडियो काफी वायरल है। इस शादी के फंक्शन में तारक मेहता का उल्टा चश्मा की कास्ट भी नजर आईं। शो में दयाबेन का रोल निभाने वाली एक्ट्रेस दिशा वकानी भी इस जश्न में शामिल हुईं। दिशा वकानी को शादी के फंक्शन में देख फैंस काफी एक्साइटेड हैं।

### फैमिली संग दिखे दिलीप जोशी

सोशल मीडिया पर वायरल शादी के इस वीडियो में दिलीप जोशी अपनी पूरी फैमिली और बेटे के साथ नजर आ रहे हैं। सभी लोग काफी खुश और एक्साइटेड लग रहे हैं। जेठालाल को व्हाइट कलर की शेरवानी और पगड़ी पहने दिख रहे हैं। वहीं उनकी बेटी नियति ब्लू साड़ी पहने नजर आईं।

### अन्य कलाकार भी रहे मौजूद

शादी के फंक्शन में सुनैना फौजदार, कोमल हाथी का रोल निभाने वालीं अंबिका, नितीश भलुनी, पलक सिधवानी, आत्माराम का रोल निभाने वाले मन्दार चंदवादकर और उनकी पत्नी स्नेहल भी नजर आईं।

### बेटी संग दिखीं दिशा वकानी

वहीं शादी के फंक्शन की जो तस्वीरें वायरल हैं, उनमें दयाबेन यानि दिशा वकानी पिंक कलर के सूट में दिख रही हैं। दिशा वकानी की क्यूट सी बेटी भी साथ में पोज देती दिख रही हैं। वो शो में दिलीप जोशी की पत्नी के रोल में नजर आई थीं। शो में दिलीप और दिशा के बेटे का नाम टप्पू है। मालूम हो कि दिशा वकानी कई सालों से शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा से गायब हैं।

# 41 मजदूर, 17 दिन जिंदगी और मौत की जंग जल्द शुरू होगी 'मिशन सिलक्यारा' की शूटिंग

**देहरादून।** बॉलीवुड फिल्म प्रोडूसर मयंक मधुर जल्द ही उत्तराखंड टनल हादसे पर 'मिशन सिलक्यारा' नाम से फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसमें प्रधानमंत्री कार्यालय और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बीच के कॉर्डिनेशन और मजदूरों को बचाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार के आपसी सहयोग को दिखाया जाएगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी फिल्म का मुहूर्त करेंगे और फिल्म की शूटिंग इसी महीने से होने जा रही है।



### निर्माता नहीं लेना चाहते कोई रिस्क

हालांकि, निर्माता इस फिल्म में 'मिशन रानीगंज' फिल्म में हुई चूक को लेकर बिल्कुल रिस्क नहीं लेना चाहते हैं, इसलिए वे मिशन के बारे में समझने और वास्तविकता के भाव को कलाकारों के भीतर उतारने के लिए रात-दिन कड़ी मेहनत कर रहे हैं। गौरतलब है कि उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सिलक्यारा सुरंग में 17 दिनों तक फंसे रहने के बाद सभी 41 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था।

### जिद्द और जुनून की जद्दोजहद फिल्माएंगे

फिल्म में जिद्द और जुनून के बीच जिंदगी बचाने की जद्दोजहद को बहुत ही बारीकी से दिखाया जाएगा। फिल्म निर्माता पत्रकारों, स्थानीय लोगों से लगातार बातचीत कर रही है, ताकि घटना की बारीकी से बारीकी जानकारी दर्शाने में भूल न हो। फिल्म में म्यूजिक के लिए मशहूर सिंगर जुबिन नौटियाल को लेने पर बात चल रही है।

# इन तीनों में कौन हैं रियल रणवीर सिंह...!



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के सबसे पापुलर एक्टर कहे जाने वाला रणवीर सिंह यानि गली बॉय ने एक खास उपलब्धि हासिल की है। जी हां, मैडम तुसाद म्यूजियम में रणवीर सिंह का वैक्स स्टैच्यू लगा है। दिलचस्प बात ये है कि रणवीर सिंह पहले ऐसे बॉलीवुड के सेलिब्रिटी हैं, जिनके एक नहीं बल्कि दो मोम की मूर्ति लगाई हैं। वहीं इन तस्वीरों को देखकर फैंस के लिए ये पहचान पाना मुश्किल हो जाएगा कि असली रणवीर सिंह कौन से हैं। वहीं इसकी तस्वीरें रणवीर सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी शेयर की हैं। फैंस रणवीर सिंह को ढेर सारी बधाइयां दे रहे हैं।

## शाहरुख की डंकी से प्रभास की सालार पूरे 88 लाख रुपए चल रही है पीछे

# 'डंकी' और 'सालार' में कांटे की टक्कर, प्री टिकट सेल में कौन किस पर भारी

*मुंबई। बॉक्स ऑफिस पर अक्सर फिल्मों का क्लैश होता रहता है. हाल ही में 'एनिमल' और 'सैम बहादुर' का टकराव देखने को मिला था। वहीं अब इस लिस्ट में शाहरुख खान और प्रभास की अपकमिंग फिल्में शामिल होने जा रही हैं। दरअसल 'डंकी' और 'सालार' एक दिन के आगे पीछे रिलीज हो रही हैं। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर इन दो बड़ी फिल्मों का बड़ा क्लैश होने जा रहा है।*

### कब रिलीज होंगी 'डंकी' और 'सालार'

जहां शाहरुख कल रात 'डंकी' को प्रमोट करने के लिए दुबई में थे, वहीं 'सालार' के निर्माता ने फिल्म की रिलीज से ठीक 3 दिन पहले आज फिल्म का दूसरा ट्रेलर लॉन्च कर दिया। यह देखना दिलचस्प होगा कि यहां से दोनों फिल्मों का सफर कैसा रहता है।




### 'डंकी' और 'सालार' में कौन चल रहा आगे

'डंकी' और 'सालार' का बॉक्स ऑफिस पर तो टकराव होने ही वाला है। वहीं उससे पहले शाहरुख और प्रभास की फिल्मों के बीच एडवांस बुकिंग में भी टफ कंप्टीशन देखने को मिल रहा है। इसमें 'डंकी' बाजी जीतते हुए नजर आ रही है। प्री टिकट सेल में शाहरुख खान की फिल्म प्रभास स्टारर मूवी से बढ़त बनाए हुए है।

### दोनों की स्टार कास्ट व रिलीज डेट

बता दें कि 'डंकी' का डायरेक्शन राजकुमार हिरानी ने किया है। फिल्म में शाहरुख खान के अलावा तापसू पन्नू, बोमन ईरानी और विक्की कौशल सहित कईं कलाकार अहम किरदारों में नजर आएंगें। ये फिल्म सिनेमाघरों में 21 दिसंबर को रिलीज होगी। वहीं प्रभास की 'सालार' का निर्देशन प्रशांत नील ने किया है। फिल्म में प्रभास की अलावा श्रुति हसन, पृथ्वीराज सुकुमारन ने अहम रोल प्ले किया है. ये फिल्म सिनेमाघरों में 22 दिसंबर को रिलीज होगी।

### *किसकी कितनी टिकट बिकीं अभी तक*

*बॉक्स ऑफिस की रिपोर्ट के मुताबिक डंकी ने अपनी एडवांस बुकिंग के पहले दिन 1,44,830 टिकट बेचे हैं और अब तक इसने 4.46 करोड़ रुपये तक की कमाई भी कर ली है। वहीं सालार के अभी तक 1,53,705 टिकटें बिके हैं। एसआरके स्टारर की तुलना में प्रभास की फिल्म के 8875 टिकट ज्यादा बिके हैं, बावजूद इसके इसने लगभग 3.58 करोड़ रुपये का ही कलेक्शन किया है। यानी शाहरुख की डंकी से प्रभास की सालार पूरे 88 लाख रुपये पीछे चल रही है। अब इसका कारण यह भी हो सकता है कि भारत के दक्षिण में टिकट की कीमतें लिमिटेड हैं।*

## खबर संक्षेप



### सेंट फ्रांसिस इंग्लिश मीडियम स्कूल का वार्षिक उत्सव

**भैसमा।** ग्रामीण क्षेत्र में संचालित अंग्रेजी माध्यम के उत्कृष्ट विद्यालय सेंट फ्रांसिस इंग्लिश मीडियम स्कूल नकटीखार कोरबा का वार्षिक उत्सव मुख्य अतिथि श्रीमती हरेश कंवर जनपद अध्यक्ष कोरबा, श्रीमती मंजू तिवारी प्राचार्य आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय दादरखुर्द एवं प्राचार्य सिस्टर निम्मी फ्रांसिस की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई जिसमें राजस्थानी ,असमिया, पंजाबी, बंगाली, वेस्टर्न नृत्य एवं लघु नाटिका की आकर्षक प्रस्तुतियां शामिल रही। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान मॉडल को सैद्धांतिक के साथ प्रदर्शनी में बताया गया ।विद्यालय के दसवीं बोर्ड परीक्षा2023 में प्रथम स्थान पर रहे छात्र आर्यन गौरव कौशिक को विद्यालय की तरफ से सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा विद्यालय में अध्यनरत सभी बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभागी के रूप में शामिल किया गया। उक्त कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावक की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य सिस्टर निम्मी फ्रांसीस एवं सभी शिक्षक गणों का सराहनीय योगदान रहा।

### विधायक देवांगन का नेहरू नगर में हुआ स्वागत



**कोरबा।** दुबे परिवार के द्वारा नेहरू नगर स्थित विश्वनाथ मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में शहर विधायक लखनलाल देवांगन पहुंचे। विधायक श्री देवांगन ने विश्वनाथ मंदिर में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर जिलेवासियों के लिए खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। तत्पश्चात नेहरू नगर परिवार के द्वारा विधायक को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। श्री देवांगन ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के पश्चात सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आप सभी के इस विश्वास एवं उम्मीद पर पूरी तरह से खरा उतरने की कोशिश करूंगा। इस अवसर पर योगेश दुबे, कामायिनी दुबे, मीना सिंह सहित परिवार के सदस्य व नगरवासी उपस्थित रहे।

### प्रांतीय पेंशनर सम्मेलन में पाली के प्रतिनिधि मंडल भी शामिल



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ पंजीयन क्रमांक 1881 के तत्वाधान मे पेंशनर दिवस पर कांकेर जिला के भानुप्रतापपुर में आयोजित प्रांतीय पेंशनर सम्मेलन में पाली विकास खंड के प्रतिनिधि मंडल ने भी हिस्सा लिया। 22वें प्रांतीय सम्मेलन के मुख्य अतिथि मोहन मांडवी सांसद कांकेर, अध्यक्षता डीपी मनहर प्रांतध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कांकेर थे। इस सम्मेलन में 6 सूत्रीय मांग जिसमें केंद्र के सामान 4 प्रतिशत डीए 60 वर्ष से अधिक पेंशनरों को 50 प्रतिशत रेल किराए में छूट पर चर्चा की गई। वहीं 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ पेंशनरों का शाल-श्रीफल के साथ सम्मानित किया गया। पाली तहसील शाखा के अध्यक्ष बीएल साहू के नेतृत्व में एसके श्रीवास, दिनेश यादव, जेएस मरावी, वेंकट रमन सिंह तंवर, गणेश प्रसाद यादव, एलएन शर्मा, एसएस जात्रा, सोनू प्रधान, रामाधार शांडिल्य, फागुन सिंह कंवर, बरातु सिंह कंवर, पूरण दास मानिकपुरी, कांशीराम साहू, जागेश्वर डिक्सेना, संतोष डिक्सेना सहित 17 सदस्य दल शामिल हुआ।

### पाली पड़नीया में एकदिवसीय गुरु पर्व गुरु घासीदास जयंती मनाई गई



**कोरबा।** ग्राम पंचायत पड़निया पाली में गुरू पर्व बड़े हर्षोल्लास उल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सुजीत कुमार जांगड़े थे कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वप्रथम जैतखा में अतिथियों द्वारा पूजार्चना की गई तत्पश्चात समस्त उपस्थित संत समाज द्वारा पारी पारी से बाबा की आराधना करते हुए उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगड़े थे। उन्होंने उपस्थित संत समाज को संबोधित करते हुए कहा कि हमें सदैव बाबा के दिखाए हुए मार्ग पर चलना है। तभी हमारा मानव समाज उन्नति की ओर अग्रसर होगा। आज बाबा की जयंती में सतनामी समाज नहीं ही अपितु सभी समाज सभी वर्ग के द्वारा कार्यक्रम में सम्मिलित होकर बाबा को शत-शत नमन करते हैं और ग्राम पंचायत सहित जिले एवं प्रदेश की खुशी की कामना करते हैं।

क्रिसमस की खुशियां मनाने हो रहा आयोजन

# मसीही समाज ने निकाली सद्भावना रैली





रैली निकालते मसीही समाज के अनुयायी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

मसीहियों ने नाचते गाते 2 किलोमीटर तक रैली निकालकर प्रभु यीशु का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। रैली वार्ड नं 4 मेनोनाइट चर्च से होते हुए कटघोरा नगर का भृमण करते हुए महेशपुर रोड़ स्थित चर्च पहुंची। प्रभु यीशु के गाने पर थिरकते मसीही पूरे उत्साह में नजर आए। आपको बता दें कि पूरे विश्व में 25 दिसंबर को प्रभु यीशु मसीह के जन्म दिवस पर क्रिसमस पर्व मनाया जाता है। मसीही बड़े ही उत्साह एवं धूमधाम के साथ पर्व मनाते हैं। रैली में भारी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। चर्च कैंपस में केक काटने के बाद दोपहर में रैली निकाली गई। मसीही समाज द्वारा निकाली गई रैली में नगर के गणमान्य लोगों ने मसीही समाज को क्रिसमस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही कुछ दूर रैली शामिल होकर उन्होंने रैली में मसीही समाज का हौसला बढ़ाया। मसीही समाज द्वारा निकाली गई रैली में प्रमुख रूप से फादर डेनियल क्षेत्रीय, पादरी ख्रीस्त दयाल टोप्पो, पादरी तनवीर कोराम, निशाग्र गिर, मनोज पटेल, राजेश बड़ा, पादरी हिमालत, पादरी आमोस छत्तर, पादरी रामनीष जोयल, पादरी सुभाष चौहान,पादरी श्याम बर्मन, पादरी संजय जांगड़े, फादर एस कुजूर, पादरी अमृत लाल, पादरी अशोक रात्रे, सपन जॉर्ज तथा बड़ी संख्या में मसीही समाज की महिलाएं, पुरुष , युवक, युवतियां उपस्थित रहे।

**खास बात**

- प्रभु यीशु के गाने पर थिरकते मसीही पूरे उत्साह में नजर आए

## साहू समाज बालको का वनभोज कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

साहू समाज बालकों द्वारा वनभोज कार्यक्रम गहनिया से खेतार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों के मनोरंजन के लिए विविध प्रकार के खेलों का आयोजन भी किया गया जैसे छोटे बच्चों के लिए सौ मीटर दौड़, जलेबी दौड़, बाल्टी में गेंद डालना व महिलाओं के लिए सुई धागा पिरोना, कंचा दौड़ आदि प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया जिसमें समाज के सभी स्वजातीय भाईयों एवं बहनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सभी विजेता प्रतिभागियों को जनवरी माह में होने वाले वार्षिक स्नेह सम्मेलन में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के सम्माननीय सदस्य श्री गोरेलाल साहूजी, मंगल सिंह साहूजी,लीलाकांत साहूजी, डीएन साहूजी, भूषण साहूजी, कांति साहू, लक्ष्मी साहू, अनिता साहू, उमा साहू, कृष्णा साहू, रवि कान्त साहू, शरद साहू, खोमलाल साहू, गरिमा साहू, पूजा साहू, हिमानी साहू, टिकेंद्र साहू, वोसंत साहू, सुदामा साहू, अमरदास साहू, नवीन साहू, शशिकांत साहू, गायेंद्र साहू, जितेन्द्र साहू, डिकेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के प्रतिनिधि गण एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। उपस्थित सभी सदस्यों ने कार्यक्रम की खूब सराहना की व आगे भी परंपरा को जीवंत रखने के लिए खुले मन से शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का आभार प्रकट श्री गोरेलाल साहूजी संरक्षक साहू समाज बालकों द्वारा किया गया।



वनभोज में उपस्थित समाज के सदस्य।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा धवईपुर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



संकल्प यात्रा में शामिल ग्रामीण।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन जनपद पंचायत के ग्राम धवईंपुर में आहूत की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा जो जो योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा चुका है उन योजनाएं को वेनिटी वेन में लगे एलईडी स्क्रीन के माध्यम से गांव गांव में घूम घूमकर ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है।

मण्डल अध्यक्ष धन्नू प्रसाद दुबे के द्वारा विधिवत पूजन अर्चन कर फीता काटकर वेन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य रामप्रसाद कोराम, सरपंच श्रीमती शारदा देवी कोराम, महामंत्री राजेन्द्र टण्डन, कोषाध्यक्ष अजय धनोंदिया, राजेश यादव, स्नेहलता पटेल उपस्थित रहे। सरपंच श्रीमती शारदा देवी कोराम ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जो विकास किये गए हैं उन्हें विकसित यात्रा के माध्यम से वेनिटी वेन के माध्यम से सभी गांव में जाकर प्रचार किया जा रहा है साथ प्रदेश में आगामी 18 लाख आवास योजना जो रुके हुए थे उसे प्रारम्भ कर दिया गया है। अब कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं सोएगा, किसानों को हर साल 6 हजार रुपये, 5 लाख रुपये का आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला गैस योजना जैसे अनेक योजनाओं का प्रचार करना है। मण्डल अध्यक्ष धन्नू प्रसाद दुबे ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज देश ही नहीं अपितु पूरे विश्व में प्रसिद्ध हो चुके हैं उनकी कार्यशैली की वजह से आज इनकी गिनती विश्व में नम्बर वन में गिनी जाती है। कार्यक्रम में उपस्थित छोटे छोटे बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई जिन्हें मंच से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ विभाग, कृषि विभाग, आंगनबाड़ी, राजस्व विभाग, आयुर्वेद विभाग, जनपद पंचायत, शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा कार्यक्रम स्थल पर कैम्प लगाया गया था जिसमें गरीब वर्ग के लोगों के समस्याओं का तत्काल समाधान किया जा रहा है। साथ ही ग्राम पंचायत धवईंपुर के ओडीएफ व मॉडल ग्राम पंचायत बनने की उपलब्धि पर प्रमाण पत्र भेंट किया गया। स्वस्थ्य बालक के लिए कुमारी आशा, कु आस्था, निमिता को महिला बाल विकास से व स्वास्थ्य विभाग से 5 लाख रुपये के आयुष्मान कार्ड के लिए सन्तोष कुमार मरावी व रामकुमारी मरावी को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश डिक्सेना, प्रह्लाद साहू, बबलू, विनय सिंह गहलोत सहित सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक भवानी गोपाल के द्वारा किया गया।

## पाली विकास खण्ड में चला ग्राम संपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्कूल के छात्र।

यूनिसेफ छत्तीसगढ़ एवं रासेयो के संयुक्त तत्वाधान में कमला नेहरू महाविद्यालय के रासेयो इकाई द्वारा जिला पाली विकासखंड के ग्राम मुक्ता, कोरबी धतूरा तथा बम्हनी कोना आदि गांव में सुरक्षित पारा सुरक्षित लईकामन थीम को लेकर ग्राम संपर्क अभियान चलाया गया। रासेयो के जिला संगठक वायके तिवारी के नेतृत्व में रासेयो के ब्लू ब्रिगेड सदस्यों ने ग्राम मुक्ता के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को पीटी, परेड, मार्शल आर्ट, बाल शिक्षा, बाल अधिकार तथा चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी देते हुए स्वच्छंद वातावरण में जीवन शिक्षण कौशल की सीख दी। कोरबी धतूरा स्कूल के प्राचार्य वीरभद्र सिंह पैकरा, प्रधानपाठक रविशंकर श्रीवास के नेतृत्व में बचपन पढ़ेगा देश बढ़ेगा, बेटा -बेटी एक समान तभी बनेगा देश महान आदि नारों का वाचन करते हुए पूर्व माध्यमिक विद्यालय तथा हाई स्कूल के बच्चों के साथ को लेकर विशाल रैली का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने विद्यालय प्रांगण में सुरक्षित बचपन, कुपोषण, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, तथा बाल अधिकार कानूनों की जानकारी देते हुए नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। पाली विकास खंड के ग्राम बम्हनी कोना मीडिल स्कूल परिसर में कितने भाई कितने, रूमाल झपट्टा आदि खेल खिलाकर बच्चों को गुड टच बेड टच, परिवार के लोगों के द्वारा नशीले पदार्थों का सेवन से बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव, पौष्टिक भोजन व्यायाम आदि पर केंद्रित नुक्कड़ नाटक तथा नारों का वाचन स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम शिक्षक आरएस सूर्यवंशी, दीपमाला नायक, पुनिया यादव, लोकपाल सिंह, राजेंद्र सारथी, इंद्र कुमार कौशिक, रामलाल साहू, झामलाल साहू, सुरेश कुमार जोशी, धनंजय शर्मा, महेंद्र कुमार लहरे सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## छात्र-छात्राओं ने कोरबा कंप्यूटर कॉलेज में किया औद्योगिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा



कोस्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय चैतमा के प्राचार्य एचआर निराला एवं वीटीपी आईसेक्टर के समन्वयक अंशुमान सिंह के मार्गदर्शन में व्यवसायिक प्रशिक्षक मुरारी धीवर एवं सहयोगी हेल्थकेयर व्यावसायिक प्रशिक्षक सुश्री चंद्रमुखी साहू के द्वारा विद्यार्थियों को कोरबा कंप्यूटर कॉलेज में औद्योगिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान छात्रों ने वहां होने वाले आईटी संबंधित विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त किया। भ्रमण के दौरान छात्रों द्वारा वहां होने वाले विभिन्न कोर्स, नेटवर्किंग, वेब डिजाइन, डीटीपी वर्क, प्रेजेंटेशन, कोरल ड्रा एवं लोगो बनाना आदि सीखा, साथ ही टेली व अन्य व्यावसायिक विषयों के बारे में जानकारी प्राप्त किया। व्यावसायिक प्रशिक्षक मुरारी धीवर ने बताया कि उक्त भ्रमण के दौरान बच्चों ने नई गतिविधियों के बारे में सीखकर और आगे सीखने के लिए उत्साहित हैं। कोरबा कंप्यूटर कॉलेज के डायरेक्टर राजेश अग्रवाल, प्राचार्य संगीता रावत ने विद्यार्थियों का कैरियर गाईड किया तथा सहयोगी शिक्षक कपीस कबीर, राजू सिंह, सौरभ सरकार, लता साव, सुरभि विश्वास, श्रद्धा खुटे के द्वारा छात्र- छात्राओं को आईटी संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।

### नाबालिग का अपहरण आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** सीएसईबी क्षेत्र अंतर्गत से 24 अक्टूबर से लापता हुई एक नाबालिक बालिका को अपहरण कर ले जाने वाले आरोपी सावन सारथी नामक युवक के कब्जे से 17 दिसंबर को नागपुर से बरामद कर लाकर परिजनों के सुपुर्द किया गया है। प्रकरण में पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट पर धारा 363 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। जिस पर आरोपी वाल्मीकि आवास पंपहाउस कोरबा निवासी सावन सारथी 19 वर्ष पिता संतराम सारथी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## स्कूटी से गिरकर घायल हुए युवकों के बैग से मिला नशीली दवाओं का जखीरा

**सूरजपुर।** नगर में इन दिनों नशीली दवाओं के कारोबारी फलने फूलने लगा है। पुलिस द्वारा बीच बीच में कार्रवाई करती है परंतु नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के खरीदी बिक्री कम होने के बजाय दिनों दिन और भी बढ़ती जा रही है। हालांकि पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला के निर्देश पर अवैध कारोबार के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद कुछ अवैध कारोबारी पुलिस के हत्थे चढ़े है जबकि कई कारोबारी क्षेत्र में नशे के कारोबार को फैलाने में लगे हुए है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबारियों पर अंकुश लगाने गश्त कर रहे कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि स्कूटी सवार दो व्यक्ति पचिरा मुख्य मार्ग पर एक्सीडेंट हो गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची जहां एक स्कूटी पर सवार 2 व्यक्ति में से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होकर रोड़ किनारे पड़ा हुआ था। जबकि उसका साथी पास में एक बैग लेकर खड़ा था। युवक की गंभीर हालत को देख पुलिस ने उसे तत्काल 108 से जिला चिकित्सालय पुलिस जवानों के साथ भेजा गया। इधर जब पुलिस ने चरचा थाना अंतर्गत विवेकानंद कालोनी निवासी कृष्ण कुमार आ. भुनेश्वर सिंह (23 वर्ष) के पास रखे बैग की तलाशी ली तो पुलिस के होश उड़ गए। युवक के बैग में 2 लाख 34 हजार कीमत का नशीली दवा रखा हुआ था। पुलिस ने नशीली दवाओं को जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया।

## बारदाना जमा करने के बाद भी नहीं मिल रही राशि, फूड इंस्पेक्टर के खिलाफ शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

फूड इंस्पेक्टर उर्मिला गुप्ता के खिलाफ माँ सर्वमंगला स्व सहायता समूह खरवानी के अध्यक्ष व सचिव ने कलेक्टर से शिकायत की है।

**खास बात**

- स्व सहायता समूह को राशन दुकान संचालन में हो रही दिक्कत

कलेक्टर से किए गए शिकायत में फूड इंस्पेक्टर पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। उन्हें बारदाना जमा करने के बाद भी कमीशन नहीं मिल रहा है। उनके मासिक खाद्यान्न आपूर्ति में कटौती की जा रही है।

शिकायतकर्ताओं कहना है कि मां सर्वमंगला सहायता स्व सहायता समूह विगत सात वर्षो से शासकीय उचित मूल्य के दुकान का संचालन कर रहा है। कोविड काल से अब तक लगभग 8 हजार बारदाना जमा किया गया है। उनकी राशि और चावल का वितरण का कमीशन राशि आज तक नहीं मिला है। फूड इंस्पेक्टर से बात करने पर कहा जाता है कि मैं नहीं जानती नान ऑफिस जाकर बात कर लो। जब ऑफिस जाते हैं तो वहां के अधिकारी कहते है कि फूड इंस्पेक्टर ने रूकवाया है,जबकि उन्हीं के कहने पर 8 हजार बारदाना जमा किए हैं। चावल, शक्कर, चना, नमक हर माह काटकर भेजा जा रहा है। दिसंबर के आबंटन से ही सिद्ध हो जाता है कि चावल 30 क्विंटल, शक्कर 1.5 क्विंटल, चना 4 क्विंटल, नमक 4 क्विंटल हर माह की तरह काट कर भेजा गया है। वर्तमान में राशन कार्ड की संख्या 650 है। समिति के सदस्यों का कहना है कि पूर्व फूड इंस्पेक्टर फुलेश्वरी के समय यह सब कुछ नहीं होता था। दीपावली के पहले बारदाना की राशि मिल जाती थी। ऐसी स्थिति में हितग्राहियों को राशन का वितरण करना मुश्किल हो रहा है। दिसंबर का आबंटन देखते हुए चावल खरीदकर शेष का वितरण करना पड़ता है। इस स्थिति को देखते हुए बारदाना और चावल वितरण की कमीशन राशि दिलाने की मांग की गई है।

### कटाईनार में मनी गुरूघासीदास जयंती

**कोरबा।** सतनामी समाज के नेतृत्व में परमपूज्य बाबा गुरु घासीदास जी जयंती (गुरुपर्व) कटाईनार में बड़े धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम समाज के संतों द्वारा बाबा की पूजा अर्चना कर जैतस्तंभ पर झंडा चढ़ाया गया। उसके पश्चात प्रसाद के रूप खीर पूड़ी का वितरण किया गया। इस अवसर पर सभी नगरवासी संत समाज उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### हाईड्रा की ठोकर...

अपनी मांगों पर डटे रहे। जिसकी वजह से यातायात बुरी तरह से बाधित रहा। बाद में जिला प्रशासन और पुलिस के द्वारा मृतक के परिजनों को जिला प्रशासन की ओर से 25 हजार नगद व हाइड्रा के मालिक की ओर से 20 हजार रुपए नगद सहायता राशि प्रदान की गई तब जाकर दोपहर लगभग 3:30 बजे चक्काजाम समाप्त हुआ। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। साथ ही दुर्घटना को अंजाम देने वाले हाइड्रा चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पंजाब एंड सिंध...

ताला तथा बैंक के अंदर का शटर का ताला एवं सेंटर लाक तोड कर कोई अज्ञात आरोपी बैंक के अंदर घुसकर एक नग कम्प्युटर व कुछ दस्तोवज चोरी कर ले गए हैं तथा सीसीटीवी को क्षतिग्रस्त कर दिया है। शाखा प्रबंधक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### कड़ाके की ठंड...

इस समस्या की ओर संज्ञान नहीं लिया है। शासन से भी स्कूल का समय बदलने के संबंध में कोई निदे्रश दिए गए। लिहाजा जिले के शिक्षा विभाग ने भी स्कूल का समय बदलने के संबंध में कोई आदेश जारी नहीं किया है। यह अलग बात है कि कुछ बड़े स्कूल प्रबंधकों ने अपने स्तर पर कमेटी के निर्देश पर स्कूल लगाने का समय एक घंटा बढ़ाया है, तो वहीं कुछ स्कूल शासन के आदेशों का इंतजार कर रहे हैं। मंगलवार को कलेक्टोरेट में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने अधीनस्थ अधिकारियों को स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण के निर्देश दिए हैं, किंतु स्कूलों के समय बदलने के संबंध में कोई आदेश भी नहीं दिए गए। शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज ने बताया कि स्कूल का समय बदलने के संबंध में शासन से कोई निर्देश नहीं आया है। जिले के कई ऐसे निजी स्कूल हैं जो जिला मुख्यालय में ही संचालित हो रहे हैं उन स्कूलों का समय सुबह 8 बजे से है और सुबह 8 बजे से ही लग रहे हैं। समय भी नहीं बढ़ाया गया है, जबकि अभिभावक लगातार स्कूल प्रबंधनों से समय बदलने की मांग कर रहे हैं। शहर के अलावा गेवरा दीपका एवं बालको जैसे बड़े उपनगरीय क्षेत्रों में भी चल रहे निजी स्कूल अपने पुराने निर्धारित समय में ही चल रहे है। सुबह 7.30 बजे से छोटे व बड़े बच्चों को स्कूल जाते देखा जा सकता है। स्कूल प्रबंधन आदेश नहीं होने की स्थिति में अपने स्तर पर भी स्कूल के समय बदलने का निर्णय नहीं ले रहा है। कड़ाके की सर्दी के बीच नर्सरी और प्री प्राईमरी स्कूल के बच्चे सुबह स्कूल जाने मजबूर हो रहे हैं।

### पुनर्वास नीति...

ललित महिलांगे बसंत कंवर जगदीश पटेल कुश संतोष दास महंत सतीश चंद्रा फूलेन्द्र सिंह शब्बीर मेमन व्यास नारायण प्रीतम दास जयराम दास दीपक साहू भूपेंद्र राठौर भुनेश्वर राठौर मोहन आकाश राजेंद्र कुमार शिवकुमार पटेल प्रियांशु सोनी रमेश पटेल कालेश्वर पटेल रामेश्वर पटेल मनोज पटेल दीपक केवट तिलक सोनी योगेश बृजलाल अश्विनी लोकेश्वर यादव ईश्वर सिंह अनिल रामानुज भागवत अर्जुन अमित फिरोज पवन सरोज आनंद राजन सिंह बंती सिंह भवानी शंकर लखन महेंद्र पाल सनत खेमराज लक्ष्मी चौहान सहित सैकड़ो बेरोजगार उपस्थित थे ।



## खबर संक्षेप

### रक्तदान एवं यातायात जागरूकता शिविर आज

**हरदीबाजार।** ग्राम पंचायत हरदीबाजार में विशाल स्वैच्छिक महा रक्तदान शिविर एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 20 दिसंबर को ग्राम पंचायत भवन हरदीबाजार में सुबह 10 बजे से सांय 5 बजे तक किया गया है। वहीं इस आयोजन में क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई है, जिससे आप के द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरुरतमंद मरीज को मिल सके।

### योग प्राणायाम का दिया गया प्रशिक्षण



**हरदीबाजार।** राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत भारत सरकार आयुष मंत्रालय एवं संचालनालय के आदेशानुसार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बोईदा में जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.प्रदीप कुमार जैन के मार्गदर्शन में ब्लाक संयोजक डॉ.जीआर प्रभुता, डॉ.सीमा पाटले एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा मानसिक शारीरिक स्वास्थ्य बारे में जानकारी सहित दिनचर्या ऋतुचर्या, योग प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया गया। शासकीय औषधालय में बच्चों को भ्रमण कराया और औषधि पौधों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रधान पाठक होरीलाल पाटले, सत्यप्रकाश खांडेकर, उषा बर्मन, श्रीधर सिंह, योगेश नेताम सहित समस्त शिक्षक शिक्षिका व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### महापौर ने छग अखबार वितरक संघ के टेबल कैलेंडर का किया विमोचन



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ जिला कोरबा द्वारा टेबल कैलेंडर का आज महापौर के हाथों विमोचन किया गया इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में तेज सिंह मोटर ड्राइविंग के डायरेक्टर बी.एन.सिंह, चंदेला होटल के संचालक पी.एस. चंदेल तथा वरिष्ठ पत्रकार तपन चक्रवर्ती विमोचन के साक्षी बने। इस अवसर पर महापौर ने कहा छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ आए दिन जनहित में कार्य कर रही है जो प्रशंसनीय है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ की जिला कोरबा इकाई के सभी पदाधिकारी व सदस्यों में विपेंद्र कुमार साहू, लक्ष्मी राठौर, जय कुमार नेताम, रामा, रायसिंह कँवर, राजकुमार पटेल, तापेश्वर राठौर, कृष्ण कुमार निर्मलकर, अनिल गिरी, मुरितराम कश्यप, दिलबाग, राघवेंद्र, दिलीप यादव, विलसन, चंद्रपाल, देव, गोलू देवांगन, सुनील साहू, यश नेताम, ओंकार, दीपक, लक्ष्मी यादव एवं बजरंग यादव उपस्थित थे।

### प्रदेश पंचायत सचिव संघ ब्लाक इकाई करतला के सत्यनारायण अध्यक्ष बने



**मड़वारानी।** ब्लॉक सचिव संघ करतला का गत दिवस चुनाव संपन्न कराया गया। जिसमें सत्यनारायण कंवर सचिव संघ का अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसके अलावा उपाध्यक्ष उत्तरा कुमार गुप्ता व दिगम्बर साहू, सचिव रामदयाल पटेल, कोषाध्यक्ष अरविंद सिंह राठिया को चुना गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रदेश पंचायत सचिव संघ ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सचिव सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## प्रतीक्षा बस स्टैंड में खड़ी है खराब सिटी बसें

# सिटी बस को मेंटनेंस की दरकार, प्रमुख मार्गों पर चल रही 15 में से 9 बसें बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरोना के बाद से सिटी बस का संचालन पूर्व की तरह नहीं हो पाया है। परिणाम स्वरुप अभी भी सिटी बस के इंतजार में शहर और उप नगरीय क्षेत्रों के कई प्रमुख मार्ग से आवागमन करने वाले यात्री बैठे हुए हैं। साडा कॉलोनी जमनीपाली प्रतीक्षा बस स्टैंड टर्मिनल में खड़ी खराब सिटी बसों को मेंटेनेंस का इंतजार बना हुआ है। फंड नहीं आने से मेंटेनेंस नहीं हो सका। वर्तमान में 6 बसें ही संचालित हो रही है।

**खास बात**

- कटघोरा मार्ग में ही चल रही सिटी बस, बालको-रजगामार बंद



प्रतिक्षा बस स्टेंड में खड़ी सिटी बसें।

आम शहरवासियों को महानगरों की तरह सस्ती यात्री बस सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सिटी बसों का संचालन शुरु किया गया था। प्रतिदिन अपने कामकाज से उपनगरीय क्षेत्रों से शहर एवं ग्रामीण अंचलों से जिला मुख्यालय आने वाले यात्रियों के लिए सिटी बस एक सुलभ और अच्छा साधन हुआ करती थी। शुरुआती दौर में इसका रुझान बहुत अधिक नजर आया। एकाएक कोरोना की वजह से सिटी बसें बीते दो वर्ष तक अपने टर्मिनल में ही खड़ी रही। परिणाम स्वरुप बसों में तकनीकी खराबी आ गई। महामारी के बाद जब सिटी बसों के संचालन की योजना तैयार हुई तब नगर निगम के अर्बन सोसायटी को ट्रांसपोर्टर तलाशना पड़ गया। बड़ी मुश्किल से ही शहर के एक ट्रांसपोर्टर ने इस काम को अपने जिम्मे लिया और खुद के खर्च पर मेंटेनेंस कराकर कुछ बसों को चलने लायक बनाया तब कहीं जा कर 12 बस ही रोड पर आ सकी। शेष बसों के लिए परिवहन मुख्यालय से अनुमति की प्रक्रिया पर लंबा समय लग गया। इस दौरान शेष बसें भी तकनीकी खराबी से जूझती रही। मेंटनेंस में ज्यादा खर्च देख ट्रांसपोर्टर ने मेंटनेंस राशि की भी डिमांड रखी। किंतु उक्त राशि भी विभागीय अड़चन की वजह से नहीं मिल सकी और यही कारण है कि चलने लायक सिटी बसें भी धीरे धीरे कंडम होते गई। आज 6 बसें ही संचालित हो रही है। वह भी कटघोरा, गेवरा दीपका और बांकी मार्ग पर बालको और रजगामार जैसे क्षेत्रों में जाने वाली सिटी बस पूरी तरह बंद है।

**मेंटेनेंस की आवश्यकता है**

कुछ सिटी बसों का संचालन कुछ मार्गों में इसलिए नहीं हो पा रहा है कि सिटी बसें खराब हो चुकी हैं, मेंटेनेंस की जरूरत है, इसके लिए फंड की मांग की गई है। कुछ बसों को मेंटेनेंस करके चलाया गया है जो चल रही है। शेष बसों को भी मेंटेनेंस के बाद चलाया जाएगा।

-**प्रफुल्ल तिवारी,** प्रोप्राइटर निजी बस एजेंसी

**वर्ष 2015 में आई थी योजना**

राज्य शासन की ओर से वर्ष 2015 में सिटी बस योजना लाई गई थी। इसके तहत नगर पालिक निगम में सिटी बस के संचालन हेतु अर्बन सोसायटी बनाई गई और उस सोसाइटी के माध्यम से बसों का संचालन शुरु किया गया। कटघोरा के कसनिया तक सिटी बस का संचालन होता था। इसी तरह गेवरा दीपका, बांकीमोंगरा, नकटीखार इंजीनियरिंग कॉलेज, रजगामार और बालको जैसे उप नगरीय क्षेत्रों में बस चलती थी जो सीधे रेलवे स्टेशन तक जाती थी। अब इन मार्गों में बस के पहिए थम गए हैं। बताया जाता है कि 6 साल तक इन्हीं बसों से संचालन करना था इसके बाद नई बसें दी जानी थी परंतु आज तक नई बसें नहीं आ सकी और पुरानी बसों को मरम्मत कर चलाया जा रहा था।

**ई बस संचालन का इंतजार**

केंद्र सरकार द्वारा प्रदूषित राज्यों में ई बस संचालन की योजना तैयार की गई है। इन राज्यों में छग राज्य भी शामिल है और प्रदेश के प्रदूषित शहरों में कोरबा भी शामिल है। ऐसे में ई बसों का संचालन कोरबा शहर में भी किए जाने की संभावना जताई जा रही है। प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद यह कयास लगाया जा रहा है कि अगर प्रदूषित शहरों में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की योजना शुरु होती है तो इनमें कोरबा भी शामिल हो सकता है। फिलहाल यह प्रदेश सरकार के निर्णय पर निर्भर करता है कि वह किन शहरों में प्राथमिकता से किन इलेक्ट्रानिक बसों का संचालन शुरु करेगी।

# दर्जनों सागौन पेड़ों की अवैध कटाई, वन विभाग बेखबर



काटे गए पेड़ के ठूंठ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

चैतमा रेंज के सागौन जंगल में इन दिनों अवैध कटाई का गोरखधंधा जमकर चल रहा है। जहां लकड़ी तस्कर जंगल में घुसकर बड़े पैमाने पर सागौन पेड़ों की बलि ले रहे हैं लेकिन अब तक वन विभाग के अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं है। जिससे सहज अंदाजा लगा सकते हैं कि वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी अपने कार्य के प्रति कितने गंभीर हैं। मामला कटघोरा वनमंडल के चैतमा रेंज के अंतर्गत आने वाले मानिकपुर बीट के लोटना मोहल्ले की है। यहां वन विभाग द्वारा दशकों पूर्व सागौन का जंगल तैयार किया गया था जो अब पेड़ का रूप ले चुके हैं। जहां पिछले कुछ महीनो से बड़े पैमाने पर तस्कर यहां घूस रहे हैं और सागौन के पेड़ों की बलि ले रहे हैं। बताया जाता है कि पिछले एक महीने के दौरान जहां दर्जनों सागौन पेड़ों की कटाई हो चुकी है लेकिन वन विभाग के स्थानीय अधिकारी, कर्मचारियों को अब तक इसकी जानकारी नहीं है। जिसके चलते लकड़ी तस्करों के हौसले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं और वे जंगल में घुसकर पेड़ों की बलि ले रहे हैं।

### 8 लीटर महुआ शराब ले जाते ग्रामीण को पकड़ा

**कोरबा।** जिले में आबकारी विभाग द्वारा लगातार अवैध शराब बनाने बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में ग्राम छुरी निवासी वीरेंद्र देवांगन द्वारा अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री किए जाने की सूचना पर आबकारी विभाग के अधिकारियों को मिली थी जिसकी सूचना पर आबकारी विभाग की टीम ने वीरेंद्र देवांगन के ठिकाने पर दबिश दी जहां उसके कब्जे से 8 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है।

# गांव के नजदीक जा पहुंचा हाथियों का झुण्ड, दहशत में गुजरी रात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कटघोरा वनमंडल के केदई व पसान रेंज की सीमा पर बड़ी संख्या में हाथी विचरण कर रहे हैं। जिससे ग्रामीणों को खतरा बढ़ गया है। 31 हाथियों का झुंड बीती रात हरमोर गांव के समीप पहुंच गया और वहां एक ग्रामीण के खलिहान में पहुंचकर वहां रखे धान की खरही को चट कर दिया। पीड़ित ग्रामीण द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर नुकसानी का आंकलन शुरू कर दिए है। बताया जाता है कि उक्त ग्रामीण धान की फसल को काटकर खेत से खलिहान लाया था और खरही बनाकर रखा था। वह धान की मिसाई करने वाला था। इससे पहले ही बीती रात हाथियों ने खरही को चट कर दिया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पीड़ित ग्रामीण को विभाग द्वारा क्षतिपूर्ति राशि प्रदान किया जाएगा। क्षतिपूर्ति राशि कितनी होगी सर्वे रिपोर्ट आने के बाद तथा वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्वीकृति दिए जाने पर स्पष्ट होगा। इस बीच हरमोर क्षेत्र में बढ़ी संख्या में हाथियो के सक्रिय होने के बाद वन विभाग सर्तक हो गया। क्षेत्र में हाथियो की निगरानी करने के साथ ही मुनादी करायी जा रही है। वहीं एतमानगर रेंज के गुरसिया क्षेत्र के जंगल में अभी भी हाथियो का झुण्ड विचरण कर रहा है। यह झुण्ड बहरहाल जंगल ही जंगल विचरण कर रहा है। जिसकी वजह से कोई बड़ा नुकसान नही हो रही है।

# एक साल से लटका है तहसील भवन का निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछली सरकार के समय ग्रामीण अंचलों में राजस्व सुविधाओं का विस्तार करते हुए जिले के कई क्षेत्रों में तहसील खोले गए थे। जिनमें एक कोरबा विकासखंड के अंतर्गत आने वाला ग्राम अजगरबहार भी शामिल था। जहां तहसील कार्यालय खोला गया और भवन निर्माण के लिए भी प्रक्रिया शुरु की गई। इसके तहत निर्माण सामग्री पहुंचा दी गई। किंतु बाद में पंचायत द्वारा तहसील भवन के निर्माण स्थल को ही बदल दिए जाने भवन निर्माण कार्य अटक गया।

**खास बातें**

- निर्माण सामग्री पहुंचने के बाद पंचायत ने बदला स्थान
- मामला अजगरबहार तहसील कार्यालय भवन का



निर्माण स्थल पर पड़ी सामग्री।

जिला मुख्यालय से 30 किमी दूर अजगरबहार के ग्रामीणों को अपने जमीन संबंधी राजस्व व अन्य कार्यों के लिए जिला मुख्यालय आना पड़ता था। ग्रामीणों की मांग पर पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने अजगरबहार क्षेत्र में तहसील की सौगात दी और तहसील कार्यालय भवन के लिए राशि भी स्वीकृत कराई। तहसील की सौगात मिलने के बाद अजगरबहार तहसील में जिला मुख्यालय के तहसीलदार सप्ताह में तीन दिन बैठा करते थे। अजगरबहार में तहसील शुरु होते ही लेमरु क्षेत्र में भी तहसील का लिंक कोर्ट शुरु किए जाने की मांग उठने लगी। जिसपर लेमरु के अजगरबहार से दूरी को देखते हुए सप्ताह में एक दिन लिंक कोर्ट लगाने की घोषणा की गई और अजगरबहार में शुरु होने के तीन महीने बाद सप्ताह में एक दिन लेमरु में तहसीलदार का कोर्ट लगने लगा लेकिन राजस्व रिकार्ड पूरी तरह से अजगरबहार तहसील कार्यालय में भवन नहीं होने के कारण स्थानांतरित नहीं हो सके थे। पंचायत भवन में अस्थायी तौर पर तहसील कार्यालय का संचालन हो रहा है और वहां भी तहसीलदार सप्ताह में अब तीन दिन ही जा पाते हैं। इस समय लेमरु में तहसीलदार का लिंक कोर्ट बंद है।

आय जाति निवास प्रमाण पत्र दस्तावेज बनवाने हेतु जिला मुख्यालय ही आना पड़ता है। गांव के निवासी और जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्य गुंजलाल राठिया ने बताया कि तहसील भवन का निर्माण गांव से दूर किया जा रहा था जिसकी वजह से पंचायत से आपत्ति आने पर काम रुक गया है अन्य स्थान का चयन किया जा रहा है।

**तहसील के अंतर्गत आते हैं 15 हल्का**

अजगरबहार तहसील अंतर्गत 15 हल्कों को लाया गया है जो अब तक कोरबा तहसील अंतर्गत आते थे। जिन हल्को को अजगरबहार तहसील अंतर्गत लाया गया है उनमें जामबहार, माखुरपानी अजगरबहार, सतरेंगा, चुईया, सोनुपरी आदि हल्के शामिल हैं। यहां के ग्रामीणों को तहसील कार्यालय प्रारंभ होने से एक बड़ी सौगात मिली है। ग्रामीणों के स्थानीय स्तर पर छोटे छोटे कार्य होने लगे हैं।

# पुरानी बस्ती सहित भैंसमा एवं अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में लगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को नगरीय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 05, प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम वार्ड क्रमांक 02 एवं विकासखंड कोरबा के ग्राम भैंसमा, चाकामार विकासखंड कटघोरा के ग्राम सलोरा और धवईपुर में, पोडी उपरोडा ब्लॉक के बांगो तथा लालपुर में, करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम चांपा तथा कलगामार में, विकासखंड पाली के ग्राम डोडकी तथा सगुना में पहुंची। यात्रा के दौरान शिविर लगाए आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड अपडेशन, उज्जवला योजना, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री स्वनिधि, जल जीवन मिशन, कृषि सहित अन्य विभागों द्वारा शिविर में स्टॉल लगाकर आमजनों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों का शुगर, बीपी, सिकल सेल, एनीमिया, टीबी स्क्रीनिंग जैसे अनेक रोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर लाभान्वित किया जा रहा है। शिविर में प्राप्त आवेदनों का जिला और विकासखंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा पूर्ण जांच कर प्राथमिकता से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा आमजनों से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप शासन की योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया है।



शिविर में उपस्थित ग्रामीण व अधिकारी।

**हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना**

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# कार्यालय, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों में करें औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर सौरभ कुमार ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अन्य विभागीय अधिकारी एवं तहसीलदारों को निर्देश दिए कि अविवादित नामांतरण, अविवादित बंटवारा, सीमांकन आदि राजस्व प्रकरणों का शीघ्र समाधान करें। यह प्रकरण लंबित नहीं रहने चाहिए। कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों, जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं के सुचारू संचालन के लिए स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण कर अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए।



बैठक लेते कलेक्टर।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा ग्रामों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के पूर्व की तैयारियां आवश्यक रूप से पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान भारत सरकार की महत्वपूर्ण 17 योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए अधिकारियों के द्वारा उचित मॉनिटरिंग की जाए। यात्रा के दौरान हितग्राहियों की जानकारी संबंधी डाटा एंट्री सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं सीएमओ नगरीय निकाय को निर्देशित किया कि पूर्व में बनाए गए अटल चौक, अटल स्तंभ स्थल पर 25 दिसंबर सुशासन दिवस पर जनप्रतिनिधियों को भी शामिल करते हुए कार्यक्रम आयोजित किया जाए।

अपर कलेक्टरों को निर्देशित किया कि वे तहसील न्यायालयों में प्रकरणों की समय सीमा में सुनवाई और कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए मैनुअल प्रकरण पर कार्यवाही करें। कलेक्टर ने जिले में विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान एवं समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए चलाए जाने वाले जनमन अभियान के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए निर्देश दिए कि इस अभियान के तहत निर्धारित 11 बिंदुओं के प्रारूप के आधार पर पटवारियों के द्वारा जमीनी स्तर पर सर्वे कराया जाए ताकि इसका लाभ विशेष पिछड़ी जनजातियों को मिल सके।

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्पेशल ट्रेन से

23 दिसंबर से 02 जनवरी 2024

सबसे कम राशि पर

रामेश्वरम् धाम यात्रा

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी

राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/-

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा

RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411

Rahul Travels
One Way Taxi Pvt Ltd

राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है, मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।



राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -
विनोद पिंजानी 7693055301

/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com